बोचासणवासी श्री अक्षरपुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था
सत्संग शिक्षण परीक्षा
सत्संग प्रवीण : प्रश्नपत्र - २

दोपहर २:०० से ५:००] (रविवार, ७ जुलाई, २००२) कुल अंक : १००

सूचना : प्रश्न की दाहिनी तरफ उसके अंक दर्शाए गए हैं।

(विभाग - १ : किशोर सत्संग प्रवीण)

प्र. १. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्य किसने, किससे तथा कब कहे हैं यह लिखें। ६

१. *''तो अब जय सच्चिदानंद ।''*
२. *''पर्वतभाई का बेटा छोटा है, उसका हल चलाइए ।''*
३. *''तो मुझे भी मेरा हिस्सा दो ।''*

प्र. २. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रसंग को कारण सहित समजाइए। (नौ पंक्ति में) ६

१. *उका खाचर सभा में देर से पहुँचे ।*
२. *श्रीजीमहाराज जेठा मेर के घर पधारे ।*
३. *श्रीजीमहाराज ने रामबाई के पानी के घडें में अपने पग भिगोए ।*

प्र. ३. निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषय पर विवरण लिखिए। (बारह पंक्ति में) ८

१. *आज्ञा ।* **अथवा** *श्रीहरिलीलाकल्पतरु ।*
२. *स्वयंप्रकाशानंद स्वामी ।* **अथवा** *डोसाभाई ।*

प्र. ४. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। ६

१. *श्रीजीमहाराज ने किन दो नामा लिखनेकी आज्ञा की है ?*
२. *सुराखाचर को भ्रष्ट करनेके लिए किसने गणिका को भेजा ?*
३. *किन्हीं पाँच संततीर्थ के नाम लिखिए ?*
४. *कृपानंद स्वामी को जब साँप ने काटा तब उन्होंने क्या कहा ?*
५. *ध्यान का मूल क्या है ?*
६. *गढ़डा अंत्य- २४ में श्रीजीमहाराज ने सोमला खाचर की क्या प्रशंसा की है ?*

प्र. ५. निम्नांकित स्वामीकी बात पूर्ण कर के विवरण लिखिए । ५

दु:ख मानना नहीं ....

अथवा

निम्नांकित वचनामृत का निरूपण करें।

गढ़डा प्रथम प्रकरण का २२ वां ....

प्र. ६. नीचे दिए हुए वाक्यों में से केवल पाँच सही वाक्य को ढूँढ़कर सिर्फ उसके नंबर लिखे। ५

प्रसंग : अद्भुतानंद स्वामी

१. उनका जन्म सुरेन्द्रनगर जिले के लखतर के पास कडु गाँव में हुआ था । २. कल्याणदास को श्रीजीमहाराज के दर्शन का योग पहली बार भूज में हुआ था । ३. उनके पिताजी संघा पटेल ने बचपन से ही सत्संग के संस्कार दिए थे । ४. कल्याणदास का विवाह मथाण गाँव में हुआ था । ५. महाराज का पत्र पढ़कर मामा अजा पटेल शरमिंदा हो गए । ६. कल्याणदास लग्नमंडप में से जेतलपुर रामदास स्वामी को मिले । ७. महाराज ने उन्हें योग्य समझकर मींढल छोड़कर साधु की दीक्षा दी । ८. अद्भुतानंद स्वामी की बातों से तीनों भाइयों के हृदय बिंध गए और साधु हो गए ।९. श्रीजीमहाराज ने अद्भुतानंद स्वामी को धोलेरा मन्दिर के महन्त नियुक्त किया । १०. योगीजीमहाराज ने अद्भुतानंद स्वामी की सेवा का लाभ लीया था ।

प्र. ७. (अ) निम्न में से किन्हीं दो पंक्ति को पूर्ण कीजिए । ४

१. *प्रीत कर प्रीत कर .... कहे सत्य वाणी ।*
२. *सत्संगी जे तमारा .... न भूलिए हरि ।*
३. *व्हाला तारी मूरति .... नव पीए रे लोल ।*

(ब) निम्न में से किन्हीं दो को पूर्ण कीजिए । ४

१. *जनमंगल नामावलि में से रिक्त नाम पूर्ण करे ।*
अजन्मने नम: .... धार्मिकाय नम:।
२. *गालिदानं .... हितं च तै:॥*
३. *श्रीवासुदेव .... प्रपद्ये॥*

(विभाग - २ : गुणातीतानन्द स्वामी)

प्र. ८. निम्न कथन कौन, किसे और कब कहते हैं यह लिखिए। (किन्हीं दो) **६**

१. ''ठाकुरजी को खिलाकर देता हूँ ।''

२. ''स्वामी ! एसे सद्‌गुरु कौन ?''

३. ''हम से इस थाल में नहीं जिमा जाता ।''

प्र. ९. निम्नलिखित में से किन्हीं दो को कारण सहित समझाइए।
(नौ पंक्ति में) **६**

१. मूलजी भक्त संसार छोड़कर चल निकले ।

२. महेमदाबाद के वेदान्ती गुणातीतानंद स्वामी के शिष्य हो गए ।

३. रघुवीरजी महाराजने उद्‌धोषित किया कि सभा में स्वामी ही बातें करेंगे ।

प्र. १०. निम्नांकित में से किन्हीं दो विषय पर विवरण लिखिए। (बारह पंक्ति में) **८**

१. रंक में से राय ।

२. तुलसी दवे को समाधि ।

३. सूक्ष्म तप ।

प्र. ११. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **५**

१. गुणातीतानंद स्वामी को महाराज दूसरे किस नाम से पुकारते थे ?

२. गुणातीतानंद स्वामी को तिलक कर के श्रीजीमहाराज ने क्या कहा ?

३. गुणातीतानंद स्वामी ने उगा खुमाण के लिए क्या संकल्प किया ?

४. गोपालानंद स्वामी, गुणातीतानंद स्वामी का समागम करने के लिए हर साल कब और कितने समय जाते थे ?

५. गुणातीतानंद स्वामी का जन्म कहाँ और कब हुआ था ?

प्र. १२. निम्नलिखित किन्हीं एक प्रसंग का वर्णन कर के भावार्थ लिखिए।
(बारह पंक्तियों में) **४**

१. वृत्ति का निरोध ।

२. अनादि के सेवक ।

३. बाजार का वजन ।

प्र. १३. निम्न विधानों के विकल्पों में से सही विकल्प लिखें । **६**

नोंध : एक विकल्प से ज्यादा (दो और तीन भी) विकल्प सही हो सकते हैं । सभी विकल्प सही होने पर ही गुण दिए जाएंगे । अन्यथा एक भी गुण नहीं दिया जाएगा ।

१. मुक्तानंद स्वामी की आज्ञा से गुणातीतानंद स्वामी महाराज के लिए किन किन चीजें ले गए ?

(अ) आचार का जार   *(ब) सतीगीता का पुस्तक*

(क) सुंदर चट्‌ई   *(ड) बरफी का मटका*

२. गुणातीतानंद स्वामी को जब जूनागढ़ में महंत के रूप में नियुक्ति की गई तब श्रीजीमहाराज ने किस प्रकार प्रसन्नता दिखाई ?

(अ) अपने गले में जितने हार थे, वे सब स्वामी को पहना दिए ।

(ब) अपना सब पहनावा स्वामी को दे दिया ।

(क) प्रसन्न होकर चरणारविंद दे दिए ।

(ड) अपनी पगड़ी (पाघ) अपने हाथ से स्वामी के मस्तक पर रखकर आशीर्वाद दिया ।

३. गुणातीतानंद स्वामी के समागम से किन किन का परिवर्तन हुआ ?

(अ) उगा खुमाण का ।   *(ब) रामा हाटी का ।*

(क) वालेरा वरु का ।   *(ड) मूंजा सुरु का ।*

(विभाग - ३ : 'सत्संग परिचय' परीक्षा की पुस्तकों पर आधारित)

प्र. १४. निम्न में से किन्हीं तीन के बारे में बीस पंक्ति में विस्तृत नोंध लिखिए । **२१**

१. अनुवृत्ति के पालक । **अथवा** *गुदड़ी में लाल ।*

२. परम चैत्यानंद स्वामी । **अथवा** *मूलजी ब्रह्मचारी की सेवाभकित ।*

३. साधुओं की कठीन परीक्षा । **अथवा** *कृपासाध्य श्रीजीमहाराज ।*